आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

सरकार –पेट्रोलियम उत्पाद

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धंता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्ययक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदे जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेंडर खरीदने के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने लोगों को पीएनजी, बिजली से चलने वाले इंडक्शन और कुक टॉप जैसे वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया है।

कुल्लू–दुर्घटना

कुल्लू जिला में कल देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली से घूमने आए पर्यटकों से भरी एक ट्रैवलर गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में चार पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने बताया कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि घायल हुए 19 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

दिल्ली नम्बर का पर्यटकों से भरा ये टैंपो ट्रैवलर जलोड़ी दर्रे से बंजार की तरफ आ रहा था जब सोजा के समीन ये दुर्घटना हुई। इस पर्यटक वाहन में दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा व उत्तरप्रदेश के सैलानी सवार थे। वाहन के नीचे गिरते ही चीख पुकार मच गई तथा आसपास के गांव के लोग तुरंत मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे तथा प्रशासन के बचाव अभियान दल के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए बंजार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुचें तथा वचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा......

स्थापना दिवस

शिमला स्थित लोकभवन में कल राजस्थान, ओड़िशा और बिहार राज्य का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' पहल के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता व भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। अपने संबोधन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द और भाई–चारे की भावना को बल मिलता है, जिससे राष्ट्र की सामाजिक संरचना और सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोकभवन शिमला को सप्ताह में दो दिन आम जनता के लिए खोलने की घोषणा भी की।

एचपीवी–वैक्सीन

केंद्र सरकार द्वारा देश की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। ये टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला में यह टीका 5 अप्रैल, 12 अप्रैल, 10 और 24 मई को लगाया जाएगा। जिले में आज 13 स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण किया जाएगा।

जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी डॉ. अश्वनी नेगी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की अपनी बेटियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद प्रभावी मानी जाती है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिससे समय रहते बचाव बेहद जरूरी है। डॉ. नेगी ने बताया कि यह वैक्सीन पूरे देश और हिमाचल प्रदेश की तरह जिला किन्नौर में भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। हाल ही में 29 मार्च को आयोजित टीकाकरण अभियान के दौरान जिले में 63 किशोरियों को सफलतापूर्वक वैक्सीन दी गई, और राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला। सभी किशोरियां पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने जानकारी दी कि यह वैक्सीन जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। कल्पा ब्लॉक में क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ, सीएचसी सांगला और च्म्ब किल्बा में, पूह ब्लॉक में CHC पूह, PHC ज्ञाबुंग, स्पिलो, मूरंग और रिब्बा में, जबकि निचार ब्लॉक में CHC निचार, भावानगर, कटगांव, उरनी और टापरी जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य विभाग पर भरोसा रखें।अंत में उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण करवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

ईस्टर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों विशेषकर इसाई समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यीशु मसीह का जीवन और शिक्षाएं प्रेम, त्याग, क्षमा और सेवा जैसे शाश्वत मूल्यों को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि ये पवित्र अवसर लोगों को सत्य का पालन करने, विनम्रता अपनाने और सभी के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है।